# M.P. HIGHER JUDICIAL SERVICE MAIN EXAMINATION – 2021

अनुक्रमांक/Roll No. | | | | |

Total No. of Questions : 15
कुल प्रश्नों की संख्या : 15

No. of Printed Pages : 05
मुद्रित पृष्ठों की संख्या :05

## First Question Paper
## प्रथम प्रश्न–पत्र
## CONSTITUTION, CIVIL LAW & PROCEDURE
## संविधान, व्यवहार विधि एवं प्रक्रिया

समय – 3:00 घण्टे
Time – 3:00 Hours

पूर्णांक – 100
Maximum Marks – 100

**निर्देश :–**
**Instructions :-**

1. All questions are compulsory. Answer to all the Questions must be given in one language either in Hindi or in English. In case of any ambiguity between English and Hindi version of any question, the English version shall prevail.
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी एक भाषा में ही देने हैं। यदि किसी प्रश्न के अंग्रेजी और हिन्दी पाठ के बीच कोई संदिग्धता है, तो अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

2. Write your Roll No. in the space provided on the first page of Answer-Book or Supplementary Sheet. Writing of his/her own Name or Roll No. or any Number or any mark of identification in any form or at any place of Answer Book that may be distinguished/ identified to the candidate from others, is strictly prohibited and shall in addition to other grounds, entail cancellation of his/her candidature.
   उत्तर पुस्तिका अथवा अनुपूरक शीट के प्रथम पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर ही अनुक्रमांक अंकित करें। उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थान के अतिरिक्त किसी स्थान पर अपना नाम या अनुक्रमांक अथवा कोई क्रमांक या पहचान का कोई निशान अंकित करना जिससे कि परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका को अन्य उत्तर पुस्तिकाओं से अलग पहचाना जा सके, सर्वथा प्रतिषिद्ध है और अन्य आधारों के अतिरिक्त, उसकी अभ्यर्थिता निरस्त किये जाने का आधार होगा।

3. Writing of answers must be clear & legible. If the writing on Answer Book is not clear or illegible in view of Valuer (s) then the valuation of such Answer Book may not be considered.
   सभी उत्तरों की लिखावट स्पष्ट और पठनीय होना आवश्यक है। किसी परीक्षार्थी के द्वारा लिखी गई उत्तर–पुस्तिका की लिखावट यदि मूल्यांकनकर्त्ता के मत में अस्पष्ट या अपठनीय होगी तो ऐसी उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

P.T.O.

| Q.No./ प्र.क्र. | Question / प्रश्न | Marks/ अंक |
|---|---|---|

## CONSTITUTION OF INDIA
## भारत का संविधान

1. Discuss the inbuilt device in the Constitution that saves specified statute from attack on the ground that they infringe Fundamental Rights, Part-III, of the Constitution? — 8
संविधान में अंतर्निहित साधन की व्याख्या करे जो किसी विशिष्ट विधि को इस आधार पर प्रश्नगत करने से संरक्षित करता है कि ऐसी विधि संविधान के मूल अधिकार, भाग–III, का उल्लंघन करती है?

2. Discuss the pardoning power of president under article 72. Is it restricted by section 433A Cr.P.C. ? — 8
राष्ट्रपति की अनुच्छेद 72 के तहत क्षमादान की शक्ति पर चर्चा करें। क्या यह दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 433ए से बाधित है ?

3. What is doctrine of 'stare decisis' ? — 4
'निर्णीतानुसरण' का सिद्धांत क्या है ?

## CIVIL PROCEDURE CODE
## सिविल प्रक्रिया संहिता

4. A party applied for permission to withdraw a suit under order 23 C.P.C. — 8
   **a.** What are the grounds on which court can grant permission for withdrawal of suit. Explain with example ?
   **b.** If permission to withdraw a suit is granted by court & subsequent suit is filed which is barred under Limitation Act then what is the remedy available to the party ?

पक्षकार ने आदेश 23 व्य.प्र.स. के अंतर्गत वाद को वापस लेने का आवेदन दिया।
   **अ.** न्यायालय द्वारा वाद को वापस लेने की स्वीकृति किन आधारो पर दी जा सकती है। उदाहरण के साथ स्पष्ट करें ?
   **ब.** यदि वाद वापस लेने की अनुमति न्यायालय द्वारा अनुज्ञात कि गई है और प्रस्तुत पश्चात्वर्ती वाद परिसीमा अधिनियम से बाधित है तब पक्षकार के पास क्या उपचार उपलब्ध हैं ?

5. According to section 9 of C.P.C "Civil Courts shall have jurisdiction to try all suits of a civil nature excepting suits of which their cognizance is either expressly or impliedly barred." What are the tests to determine whether a suit is expressly or impliedly barred by law or not ? — 8

व्य.प्र.सं. की धारा 9 के अनुसार "जिन वादों का संज्ञान व्यवहार न्यायालयों द्वारा लिया जाना अभिव्यक्ततः अथवा विविक्षित रूप से वर्जित है, उन वादों के सिवाये व्यवहार न्यायालयों को व्यवहार प्रकृति के सभी वादों के विचारण की अधिकारिता होगी।" ऐसे कौन–से परीक्षण यह निश्चित करने के लिये है कि कोई वाद किसी विधि द्वारा अभिव्यक्ततः या विविक्षित रूप से बाधित है अथवा नहीं ?

6. Whether an application under Order 39 Rule 2-A of C.P.C. is maintainable after disposal of the suit ? 4
क्या वाद के निराकरण के पश्चात व्य.प्र.सं. के आदेश 39 नियम 2–ए के अंतर्गत आवेदन पोषणीय है?

## TRANSFER OF PROPERTY ACT
## संपत्ति अंतरण अधिनियम

7. Decide the objection of transferee's lis-pendens to avoid execution of decree that he is a bona-fide purchaser of property for consideration without notice about pendency of suit. 8
डिक्री के निष्पादन से बचाव हेतु वादकालीन अंतरक की इस आपत्ति को निराकृत करें कि वह दावे के विचाराधीन होने की सूचना के बिना, प्रतिफलार्थ एवं संपत्ति का सद्भावनापूर्ण क्रेता है।

8. Elucidate the difference between the scope of section 41 - transfer by ostensible owner and section 43 - transfer by unauthorized person who subsequently acquires interest in property transferred, of Transfer of Property Act. 4
सम्पत्ति अंतरण अधिनियम की धारा 41 – दृश्यमान स्वामी द्वारा अंतरण और धारा 43 – अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अंतरण जो कि बाद में अंतरित की गई सम्पत्ति में हित प्राप्त कर लेता है, की परिधि के मध्य अंतर को स्पष्ट कीजिए।

## CONTRACT ACT
## संविदा अधिनियम

9. Explain the various kinds of damages that Court can award for breach of contract and rules relating to assessment of damages. 8
संविदा के भंग की दशा में न्यायालय द्वारा दी जा सकने वाली विभिन्न प्रकार की क्षतियों और क्षतियों के निर्धारण संबंधी नियमों की व्याख्या करें ?

10. **A**, a singer, contracts with **B**, the manager of a theatre, to sing at his theatre for two nights in every week during the next two months, and **B** engages to pay her a 100/- rupees for each night's performance. On the sixth night, **A** willfully absents herself from the theatre, and **B**, in consequence, rescinds the 4

contract. Whether **B** is liable to pay **A** for the five nights on which **A** had sung ?

एक गायिका **क** थियेटर के प्रबंधक **ख** से अगले दो मास मे प्रति सप्ताह में दो रात उसके थियेटर में गाने की संविदा करती है और **ख** उसे हर रात के गाने के लिये 100/– रूपये देने के लिए वचनबद्ध होता हैं। छठी रात को **क** उस थियेटर से जानबुझकर अनुपस्थित रहती है, और परिणामस्वरूप **ख** उस संविदा को विखंण्डदित कर देता हैं। क्या **ख** उन पांच रातों के लिए जिनमें **क** ने गाया था, **क** को राशि अदा करने के दायित्वाधीन है ?

## HINDU MARRIAGE ACT & HINDU SUCCESSION ACT
## हिन्दू विवाह अधिनियम तथा हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम

11. Whether the amendment made in 2005 in Hindu succession Act are prospective or retrospective ? Explain its implications in detail? 8

क्या हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम में वर्ष 2005 मे किये गये संशोधन पूर्वेक्षित हैं या भूतलक्षी हैं ? इसकी विवक्षा की विस्तार से व्याख्या करें?

12. Explain the preferential right to acquire property in certain cases. 4

कुछ दशाओं में सम्पत्ति अर्जित करने के अधिमानी अधिकार को स्पष्ट करें।

## SPECIFIC RELIEF ACT
## विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम

13. (a) Explain the law relating to suit for injunction simpliciter without any relief for declaration. 8

(b) What are the changes effected by "The Specific Relief (Amendment) Act, 2018" in reference to the relief of specific performance?

(अ.) घोषणा की सहायता के बगैर मात्र निषेधाज्ञा के वाद के संबंध में विधि को स्पष्ट कीजिए।

(ब.) "विनिर्दिष्ट अनुतोष (संशोधन) अधिनियम 2018" से विनिर्दिष्ट पालन की सहायता के बाबत क्या परिवर्तन प्रभावी हुये हैं ?

## LIMITATION ACT
## परिसीमा अधिनियम

14. (a) Whether filling an application u/s 5 of Limitation Act for condonation of delay before the Court "in writing" is mandatory – Explain with case law. 8

(b) Explain the statement - "every suit instituted, appeal preferred and application made after the prescribed period shall be dismissed".

(अ) क्या विलंब क्षमा किए जाने हेतु न्यायालय के समक्ष परिसीमा अधिनियम की धारा 5 के अंतर्गत आवेदन "लिखित में" प्रस्तुत किया जाना आज्ञापक है? – न्यायदृष्टांत सहित स्पष्ट करें।

(ब) अभिकथन को स्पष्ट करें – "विहित काल के पश्चात हर संस्थित वाद, की गई अपील और किया गया आवेदन खारिज कर दिया जाएगा"।

## M.P. ACCOMMODATION CONTROL ACT
## मध्यप्रदेश स्थान नियंत्रण अधिनियम

15. (a) Whether "bonafide need" should continue till passing of the decree of eviction ? If not, whether decree of eviction can be passed ? Explain. 8

(b) Whether Decree of eviction passed on grounds of bonafide need of plaintiff u/s 12(1)(e) or 12(1)(f) of Madhya Pradesh Accommodation Control Act,1961 can be set aside on occurrence of subsequent event ? Discuss with case law ?

अ. क्या "वास्तविक आवश्यकता" को बेदखली की डिक्री पारित होने तक निरन्तर रहना चाहिए ? यदि नहीं, तो क्या बेदखली की डिक्री पारित की जा सकती है ? स्पष्ट करें।

ब. क्या धारा 12(1)(ङ) या धारा 12(1)(च) मध्यप्रदेश स्थान नियंत्रण अधिनियम, 1961 के अंतर्गत वास्तविक आवश्यकता के आधार पर पारित बेदखली की डिक्री पश्चात्वर्ती घटना के होने पर अपास्त की जा सकती है ? न्यायदृष्टांत सहित व्याख्या करें ?

*******